अंतर्राष्ट्रीय तेंदुआ दिवस

अंतर्राष्ट्रीय तेंदुआ दिवस (3 मई, 2023) पर **केप तेंदुआ ट्रस्ट (CLT),** एक सक्रिय शिकारी संरक्षण कार्यकारी समूह ने **तेंदुओं को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिये** एक नया पोर्टल लॉन्च किया।

- पोर्टल को **वैश्विक तेंदुआ सम्मेलन** (ग्लोबल लेपर्ड कॉन्फ्रेंस) में लॉन्च किया गया।

तेंदुए की विशेषताएँ:

//

- **वैज्ञानिक नाम:**
  - *□□□□□□□□ □□□□□□□*
- **परिचय:**
  - तेंदुआ पकड़ में न आने वाला और **रात्रि में विचरण करने वाला जानवर** है जिसका आकार तथा रंग उसके निवास स्थान पर निर्भर करता है। वह बेहतरीन पर्वतारोही होता है जो पेड़ों में छिपकर अपना शिकार करता है।
- **भौगोलिक विस्तार:**
  - **बिल्ली परिवार के सदस्य** तेंदुए एशिया, उप-सहारा अफ्रीका, दक्षिणी रूस और भारतीय उप-महाद्वीप में पाए जाते हैं।
    - भारतीय तेंदुआ (पैंथेरा पर्डस फुस्का) भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से पाया जानेवाला एक तेंदुआ है।
- **प्राकृतिक आवास:**
  - अन्य बड़े मांसाहारियों की तुलना में तेंदुए के निवास स्थान और भोजन की आवश्यकताओं के संबंध में ये क्षेत्र काफी अनुकूल होते हैं:
    - ग्रामीण-कृषि क्षेत्र
    - वन क्षेत्र
    - मानव आवास के पास (ग्रामीण एवं शहरी दोनों)
- **भारत में आबादी :**

- MoEF&CC द्वारा जारी रिपोर्ट **'भारत में तेंदुओं की स्थिति, 2018'** के अनुसार, "2014 के अनुमानों के आधार पर भारत में तेंदुओं की आबादी में 60% की वृद्धि हुई है"।
    - वर्ष 2014 के अनुमान के अनुसार, तेंदुओं की आबादी लगभग 8,000 थी जो अब बढ़कर 12,852 हो गई है।
- **मध्य प्रदेश (3,421) में तेंदुओं की सबसे बड़ी संख्या का अनुमान लगाया** गया है, उसके बाद **कर्नाटक (1,783) और महाराष्ट्र (1,690)** का स्थान है।

- **खतरा:**
    - **प्राकृतिक निवास स्थान का नुकसान**
    - **अवैध शिकार**
    - **मानव-वन्यजीव संघर्ष**
- **सुरक्षा की स्थिति:**
    - IUCN की रेड लिस्ट: **असुरक्षित/लुप्तप्राय**
    - CITES: **परिशिष्ट I**
    - वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972: **अनुसूची I**
- **मानव-तेंदुआ संघर्ष:**
    - जिन क्षेत्रों में अक्सर मानव-तेंदुआ संघर्ष देखे जाते हैं, उनमें कश्मीर घाटी में श्रीनगर, असम में **ब्रह्मपुत्र घाटी,** गुजरात में **गिर राष्ट्रीय उद्यान** और दक्षिणी तमिलनाडु में **कलक्कड़-मुंडनथुराई टाइगर रिज़र्व** शामिल हैं।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न:

प्रश्न. निम्नलिखित पर विचार कीजिये: (2012)

1. काली गर्दन वाला सारस (कृष्णग्रीव सारस)
2. चीता
3. उड़न गिलहरी
4. हिम तेंदुआ

उपर्युक्त में से कौन-से भारत में प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं?

(a) केवल 1, 2 और 3
(b) केवल 1, 3 और 4
(c) केवल 2 और 4
(d) 1, 2, 3 और 4

उत्तर: (b)

स्रोत: डाउन टू अर्थ

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-leopard-day-2023